डायस्पोरा की यात्राओं और चुनौतियों के अनुभवों को सामने लाया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता एसआईएस, जेएनयू और ओडीआई इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने की। उन्होंने अकादमिक विचार-विमर्श के लिए स्वर निर्धारित करते सत्र की शुरुआत की। मिरांडा हाउस की प्रिंसिपल प्रोफेसर विजयलक्ष्मी नंदा ने सभी उपस्थित लोगों और शोध पत्र प्रस्तुतकर्ताओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजकुमार रंजन सिंह, पूर्व विदेश और शिक्षा राज्य मंत्री ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारतीय प्रवासी पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, इनके भीतर भारतीय भाव है।

नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम का आयोजन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2024-25 का आयोजन एनपीवी प्राइमरी स्कूल, जीटीबी नगर, दिल्ली में आयोजित (भारत सरकार के पोर्टल विद्यांजलि के अंतर्गत) किया गया। इस प्रोग्राम के तहत नर्सरी से लेकर पांचवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को उनके सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल से होने वाली परेशानियों (नाटक) तथा सूर्य नमस्कार प्रोग्राम के लिए उनके उम्दा प्रदर्शन के लिए उन्हें आकर्षित उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। फाउंडेशन द्वारा 150 बच्चों को उनकी पढ़ाई से संबंधित शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोजी रैना (रिटायर्ड अध्यापक), नीरू सचदेवा (प्रिंसिपल), रवींद्र प्रताप सिंह (स्कूल इन्स्पेक्टर), नेहा त्यागी (मेंटोर), विक्रांत व सूर्या (योग गुरु) एवं जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन के सभी सदस्य दीक्षा, पीयूष, प्रवीण पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, जीतू शर्मा उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

शहीदों की याद में रस्साकशी प्रतियोगिता